-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 08.10.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- ❖ **शासन द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति- 5.O अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी नरैनी द्वारा पार्वती डिग्री कॉलेज नरैनी में जागरुकता अभियान "गरूड़" का किया गया आयोजन। छात्राओं को उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाई जा रही योजनाओं तथा साइबर अपराध से बचाव के तरीकों के बारे में दी गई जानकारी।**

विवरण- उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के प्रति प्रतिबद्धता के साथ चलाए जा रहे **मिशन शक्ति- 5.O** अभियान के तहत **पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल** के निर्देशन में जनपद बांदा में सघन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

हर नारी में छुपी है शक्ति अपार,
अब उसे मिल रहा है उसका अधिकार।
जागेगी वो, तो जागेगा समाज,
मिशन शक्ति से नारी पाएगी नया अंदाज।।

इसी क्रम में आज दिनांक 08.10.2024 को **क्षेत्राधिकारी नरैनी श्रीमती अंबुजा त्रिवेदी** के नेतृत्व में **नरैनी के पार्वती डिग्री कॉलेज** में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य कॉलेज की छात्राओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों और सशक्तीकरण से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्रदान करना था, ताकि वे आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकें। इस अवसर पर छात्राओं से संवाद स्थापित किया और उन्हें **महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला शक्ति हेल्पलाइन 181 तथा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन** जैसे महत्वपूर्ण नंबरों के बारे में जानकारी दी गई। मिशन शक्ति अभियान की कड़ी के रुप में ही बांदा पुलिस द्वारा ऑपरेशन गरूड़ चलाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत बालिकाओं को साइबर अपराधों से बचाव के बारे में जानकारी दी जा रही है छात्राओं को बताया गया कि वर्तमान में साइबर अपराध के मामले काफी तेजी से बढ़ रहे हैं ऐसे में इन अपराधों के तरीकों के बारे में जागरुकता एवं बचाव सबसे महत्वपूर्ण है साथ ही उन्हे साइबर अपराध के विभिन्न तरीकों जैसे फिशिंग, मैलवेयर, डेटा ब्रिच, हैकिंग, आईडी थेफ्ट आदि के बारे में भी जानकारी दी गई। बालिकाओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से विभिन्न अपराधों एवं महिला सशक्तीकरण की योजनाओं पर आधारित लघु फिल्मों को दिखाकर जागरुक किया गया। जागरुकता अभियान के दौरान कॉलेज की कक्षा-11 की छात्रा दिव्यांशी मिश्रा को "शिक्षामित्र" नियुक्त किया जो जागरुकता अभियान में मिशन शक्ति टीम का सहयोग करेंगी तथा अपने आसपास की महिलाओं को भी जागरुक करेंगी। जागरुकता अभियान में बेहतर प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को पुरस्कृत भी किया गया।

मिशन शक्ति की ये पुकार,
नारी का सम्मान है हमारा आधार।
नारी गरिमा और सशक्तिकरण की बात,
बढ़ाए हर कदम, दे उसे नई सौगात।।